प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 08.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रदेश में दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगाये जा रहे शिविरों में लोगों को राहत दी जा रही हैं पाली में आज 16 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये गये हैं इन शिविरों के माध्यम से वर्षो से लंबित मामलों को सुलझाया जा रहा हैं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, अन्य मंत्री और अधिकारी इन शिविरों का अवलोकन कर कामों की प्रगति की जानकारी ले रहे हैं इसी कडी में मुख्यमंत्री आज चूरू के पट्टा सात्यू गांव में लगाये गये शिविर का जायजा लेंगें इस अवसर पर वे ग्रामीणों को संबोधित करेंगें मुख्यमंत्री इसके बाद बीकानेर जायेंगें

00000

केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह आज प्रदेश दौरे पर हैं उनका धौलपुर में विज्ञान केन्द्र का उद्घाटन करने का कार्यक्रम प्रस्तावित हैं इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम भी मौजूद रहेंगें

0000

जयपुर के आरयूएचएस अस्पताल में पोस्टमार्टम की सेवा शुरू की गई हैं इसके तहत पोस्टमार्टम रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल पर तैयार होकर पुलिस थाने तथा न्यायालय में ऑनलाइन ही सबमिट की जायेंगीं इससे रिपोर्ट समय पर दाखिल होगी और रिपोर्ट की गोपनीयता भी बनी रहेगीं चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने बताया कि अस्पताल में पहले ये सुविधा नहीं होने से शव को पोस्टमार्टम के लिये जयपुरिया या एसएमएस अस्पताल ले जाना पड़ता थां ऐसे में मेडिको लीगल केस में पोस्टमार्टम में काफी समय लगता थां इससे परिजनों और संबंधित थाना पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा थां इस समस्या को ध्यान में रखते हुए ये सुविधा शुरू की गई हैं इसके लिए सभी संबंधित चिकित्सकों और स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया हैं

000

भारतीय डाक विभाग ने अपनी सेवाओं को आधुनिक, तेज और पारदर्शी बनाने के लिए आईटी 2.0 एप्लीकेशन शुरू की हैं विभाग की इस एप्लीकेशन का उद्देश्य सभी डाक सेवाओं मेल, लॉजिस्टिक, बैंकिंग, बीमा, रजिस्ट्री और ट्रेकिंग को एक प्लेटफॉर्म पर लाना हैं श्रीगंगानगर के डाकघर कार्यालय और रेल्वे मेल सर्विस में ये सेवा शुरू की गई हैं श्रीगंगानगर मंडल के डाकघर अधीक्षक ने बताया कि केन्द्र सरकार अगस्त तक इस एप्लीकेशन से सभी डाकघरों को जोडेगीं इससे पोस्टऑफिस में फाइलिंग, डिजिटल और पेपरलैस हो सकेगीं

00000

शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत प्रदेश में कई स्थानों पर चिकित्सा विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से कार्रवाई की जा रही हैं इसी क्रम में आज कोटपूतली–बहरोड़ मे खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रक दल ने विभिन्न रेस्टोरेन्ट और मिठाइयों की दुकान पर कार्रवाई कीं इस दौरान खराब सब्जी और दूषित खाद्य सामग्री को नष्ट करवाया गयां साथ ही खाद्य पदार्थो के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गयें अधिकारियों ने खाद्य व्यवसाइयों और विक्रेताओं को खाद्य लाईसेंस बनवाने के लिए पाबंद कियां

0000

बारां में दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विशेष योग्यजन रोजगार उत्सव' का आयोजन किया जा रहा हैं सशक्त बारां, प्रगति को शक्ति कार्यक्रम के तहत आयोजित इस उत्सव में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि योग्यता के अनुसार दिव्यांगजन का चयन करेंगें सूचना और जनसंपर्क कार्यालय में इसके लिए शिविर लगाया गया हैं शिविर में भाग लेने वाले दिव्यांगजन को आवश्यक दस्तावेज़ लाने को कहा गया हैं

00000

प्रदेश के पूर्वी क्षेत्रों में कल कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बरसात हुईं वहीं कुछ स्थानों पर भारी बरसात दर्ज की गयीं पश्चिमी राजस्थान में कुछ जगहों पर हल्की बारिश हुईं सबसे अधिक 10 दशमलव 3 सेंटीमीटर पानी अजमेर के विजयनगर में बरसां मौसम विभाग के अनुसार आज पश्चिम बंगाल के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जिसके अगले 2–3 दिनों में उत्तर पश्चिम दिशा में बढने की संभावना हैं इसके असर से

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में 10 जुलाई से जबकि पश्चिमी राजस्थान में 12 जुलाई से भारी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना हैं वहीं आज भरतपुर, कोटा, जयपुर, उदयपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती हैं

00000

केन्द्र ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत आवेदन आमंत्रित किए हैं इसके लिए पांच वर्ष से 18 वर्ष तक के प्रतिभागी 31 जुलाई तक अपना नामांकन भर सकते हैं नामांकन ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से किये जा सकते हैं गौरतलब है कि बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जाता हैं

00000